## महत्वपूर्ण एवं खास

### असामयिक मृत्यु के दो प्रकरण में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ एवं घरघोड़ा अंतर्गत असामयिक मृत्यु के दो प्रकरणों में कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के यथा संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील घरघोड़ा के ग्राम नावापारा टेण्डा निवासी गोपाल राठिया की 12 अगस्त 2023 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता नरेन्द्र राठिया को 4 लाख रुपये तथा जूटमिल रायगढ़ की गुंजन सिंह की 26 मई 2024 को पानी में डूबने से हुई मृत्यु पश्चात उनके पिता नीरज कुमार सिंह को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाला आरोपी वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रेंज साइबर रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाले आरोपी को 24 परगना वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के बहाने ठगी करने वालों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया है। प्राप्त निर्देश अनुसार रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एक मामले में प्रार्थी आशीष कृष्णानी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ ा कमाने के नाम से उनसे 94 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) पंजीबद्ध कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई। विवेचना क्रम में अपराध में शामिल अब्दुल रहमान मुल्ला पिता अब्दुल रशिद उम्र 42 वर्ष पता काशीपुर साउथ 24 परगना वेस्ट बंगाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 12वीं तक पढ़ाई किया है तथा ठेकेदारी का कार्य करता है, आरोपी ने भाई-भाई इंटरप्राइजेस के नाम से फर्जी फर्म बनाकर बैंक अकाउंट खोला है। उक्त प्रकरण में अब तक 24 लाख रुपए बैंक खाता में होल्ड कराया गया है। आरोपी के विरुद्ध 5 अलग-अलग राज्यों में रिपोर्ट दर्ज है।

### 11 लाख रुपए के ईनामी 5 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। यहां 11 लाख रुपए के ईनामी 5 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 8 लाख रूपये के ईनामी (पीजीएल) कंपनी नम्बर के 2 सदस्य, 2 लाख रुपए के ईनामी गंगालूर एरिया कमेटी पार्टी सदस्य। साथ ही 1 लाख का ईनामी जनताना सरकार अध्यक्ष शामिल है। नक्सलियों के भेदभाव पूर्ण नीति और विचारधारा से परेशान होकर मुख्य धारा में जुडऩे और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर आज 5 हार्डकोर नक्लियों ने बीजापुर एसपी डॉ.जितेन्द्र यादव, सीआरपीएफ 202 कमांडेंट अमित कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सुदीप सरकार व अन्य सीआरपीएफ व पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। बता दें कि वर्ष 2024 में अबतक कुल 189 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल 473 माओवादियों को गिरफ्तार किया गयाहै। समर्पण किये सभी नक्सली पुलिस पार्टी पर फायरिंग, लूट, हत्या, आगजनी जैसे बड़ी घटनाओं में शामिल रहें है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** शीतला मंदिर के पास चंदनडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल सिंह 25 वर्ष कुम्हारी दुर्ग का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल दोपहर वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदनडीह स्थित शीतला मंदिर के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विशाल की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अग्निवीर भर्ती रैली में प्रदेश के युवा दिखा रहे दमखम : तीन दिनों में 3008 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में हुए शामिल, 999 कैंडिडेट रहे दौड़ में सफल

- दौड़ में सफल उम्मीदवार शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरते हैं
- रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर तक चल रही अग्निवीर भर्ती







**रायगढ़**

रायगढ़ में 04 से 12 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली चल रही है। यहां पूरे प्रदेश से पहुंचे युवा शारीरिक दक्षता परीक्षा में अपना दम-खम दिखा रहे हैं। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की जिलेवार रोस्टर के अनुसार फिजिकल टेस्ट सेना के अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है। रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई है।

अग्निवीर भर्ती रैली के पहले दिन जांजगीर-चांपा और सारंगढ़ के कुल 770 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें 285 लोगों ने दौड़ पास की है। वहीं दूसरे दिन सक्ती, मुंगेली, रायगढ़, सरगुजा, बीजापुर, कोरबा और गरियाबंद जिलों के 1063 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में शामिल हुए। जिसमें से 351 अभ्यर्थी दौड़ में सफल रहे। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के 02 जिलों बिलासपुर और बालोद के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। कुल 1175 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और इसमें से 363 युवाओं ने दौड़ पास की है। दौड़ पास उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरना होता है।

गौरतलब है कि सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 8556 युवा शामिल होंगे। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था। इसी तरह अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया और शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था।

उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट, जेआईए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी केवल योग्यता के आधार पर होती इसलिए सेना भर्ती कार्यालय ने अनाधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है।

## पुसौर पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को किया गिरफ्तार, युवती की शिकायत पर पुलिस की त्वरित कार्यवाई

**रायगढ़**



पुसौर पुलिस ने स्थानीय युवती से छेड़खानी के मामले में फरार आरोपी अरविंद चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने 3 दिसंबर 2024 को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे घर में अकेला पाकर शारीरिक दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया।

युवती के मुताबिक, घटना 3 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे हुई। जब उसके माता-पिता काम पर गए थे और वह घर में अकेली थी, उसी दौरान अरविंद चौहान घर आया और पानी मांगा। मना करने पर आरोपी ने जबरन युवती के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया। युवती ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया और घर से बाहर भाग गई। उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जिससे आरोपी भाग निकला। युवती के आवेदन पर पुसौर थाने में अप.क्र. 289/2024, धारा 331(3), 74 बीएनएस मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था। थाना प्रभारी टीआई रोहित बंजारे और उनकी टीम ने छापेमारी कर आरोपी अरविंद चौहान (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसे गिरफ्तार कर विधिवत रिमांड पर भेज दिया गया है।

## पर्यावरणीय सुधार हेतु विभाग संयुक्त कार्ययोजना के साथ करें कार्य- सदस्य सचिव छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल

- शहर के वातावरण को बेहतर करने एनकैप के तहत करें प्लानिंग
- मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं करने वाले माल वाहनों, परिवहनकर्ता पर करें कड़ी कार्यवाही

**रायगढ़**

सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) के तहत पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं उन्मूलन के संबंध में एक अहम बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल भी उपस्थित रहे।

सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कहा कि जिले के वातावरण को बेहतर करना आवश्यक है। इसके लिए सभी अधिकारी उचित कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार उठाव एवं अपवहन कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी हॉस्पिटल से प्राधिकार लेना सुनिश्चित करें। जिससे उन पर नियमों का पालन नहीं करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जा सके। उन्होंने चौक-चौराहों में वाहनों के माध्यम से हो रहे प्रदूषण नियंत्रण के लिए आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। ताकि सभी मालवाहक वाहन निर्धारित नियमों का पालन करें। उन्होंने नगर निगम को शहर के वातावरण को बेहतर करने एनकैप के तहत प्लानिंग करने के निर्देश दिए ताकि शहर का वातावरण स्वच्छ हो सके।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा अपने ढाई सौ मीटर के दायरे में धूल नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह मालवाहक वाहनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी एसओपी का पालन नहीं करने पर आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि वाहनों चालकों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जाए, जिससे पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। कलेक्टर गोयल ने जानकारी दी कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने हेतु जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत फ्लाईएश के उचित निपटान, एसओपी का पालन नहीं करने एवं बिना तारपोलिन ढके माल वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

**शहर के विभिन्न इलाकों का किया दौरा**

सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शहर के वातावरण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बड़े भण्डार से छातामुड़ा शहर के ढिमरापुर चौक, पतरापाली, जेएसपीएल, रायगढ़ से तराईमाल क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही जेएसपीएल एवं तराईमाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों का भी पर्यावरणीय अवलोकन किया। उन्होंने वाहनों द्वारा फ्लाईएश परिवहन द्वारा प्रदूषण, डस्ट, सड़क की स्थिति का जायजा लिए एवं पर्यावरणीय सुधार हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### धरमजयगढ़ पुलिस ने ठगी के बड़े नेटवर्क का किया भंडाफोड़

## ठगी में शामिल महिला आरोपी गिरफ्तार, ठगी के रूपयों से खरीदी गई स्कूटी जब्त

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ पुलिस ने बेरोजगार महिलाओं को स्व-रोजगार के नाम पर धोखा देकर बैंक ऋण का दुरुपयोग करने वाली एक संगठित कंपनी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में आरोपी मंजू चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में कुल 49.5 लाख रुपये की ठगी का आरोप है।

**महिलाओं को फंसाने का जाल-**ग्राम चैनपुर निवासी बाल कुमारी राठिया ने 5 दिसंबर 2024 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि कोरबा स्थित "फ्लोरा मैक्स कंपनी" के संचालकों ने स्व-रोजगार योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय में संलग्न करने और भारी मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने महिलाओं से प्रति व्यक्ति रु.30,000 की मांग की। आर्थिक असमर्थता के चलते महिलाओं को 10-10 के समूह में जोड़कर बैंक से लोन दिलवाया गया।

इसके बाद, महिलाओं के नाम पर दुकानें खुलवाई गईं, लेकिन आय को डायरेक्टर अखिलेश सिंह और उनके सहयोगियों ने हड़प लिया। महिलाओं को रु.2,700 मासिक भुगतान का वादा भी पूरा नहीं किया गया। इस धोखाधड़ी के कारण महिलाओं पर बैंक ऋण की अदायगी का बोझ आ गया।

**ठगी का नेटवर्क और कार्यप्रणाली-** कंपनी के डायरेक्टर अखिलेश सिंह, राजू सिंह, गुडिया सिंह, बलराम बंजारा, श्याम सिंह और मंजू चौहान ने मिलकर धरमजयगढ़ के नीचेपारा में ब्रांच स्थापित की। ग्राम चैनपुर, सिथरा, जबगा और जमाबीरा की 165 महिलाओं से लगभग रु.49.5 लाख रुपये ठगे गए। आरोपियों ने आईडी पंजीकरण, बैंक लोन और कमीशन के नाम पर महिलाओं को ठगा। पीड़ित के आवेदन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी के डायरेक्टर अखिलेश सिंह , राजू सिंह , गुडिया सिंह , बलराम बंजारा , श्याम सिंह, मंजू चौहान पर अप.क्र. 283/2024 283/2024 धारा :- 318(2), 318(4), 336, 338, 3(5)BNS के तहत अपराध कायम की।

**गिरफ्तारी और बरामदगी-** थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने शिकायत के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए सिथरा गांव में छापेमारी की और आरोपिया मंजू चौहान पति रामस्वरूप चौहान उम्र 31 वर्ष को हिरासत में लिया गया। आरोपिया अपना जुर्म स्वीकार करते हुये कंपनी के डायरेक्टर अखिलेश सिंह, सह संचालक राजू सिंह एवं गुडिया सिंह , बलराम बंजारा एवं श्याम सिंह के संपर्क में रहकर साथ में मिलकर लोगों का आईडी बनाकर धरमजयगढ क्षेत्र सें 165 महिलों से पैसा लेकर कंपनी में डालकर कमीशन पाना बतायी। आरोपिया के कब्जु से पुलिस ने 120 आईडी लगाने पर मिली स्कूटी, 62 महिलाओं का नगदी रकम की रसीद पावती, एक रजिस्टर, एक डायरी (जिसमें महिलाओं के आई डी, दिलाये गये बैक लोन डिटेल), फलोरा मैक्स कंपनी में प्रचार सामाग्री, की जब्ती की गई। अपराध विवेचना में छत्तीसगढ निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6,10 जोड़ा गया।

धोखाधड़ी में शामिल अन्य आरोपीगण 1. फ्लोरा मैक्स कम्पनी के संचालक डायरेक्टर अखिलेश सिंह पिता स्व0 हरपालसिंह उम्र 28 वर्ष, राजू सिंह पिता स्व0 हरपालसिंह उम्र 32 वर्ष एवं गुडिया सिंह पति राजू सिंह उम्र 30 वर्ष तीनें निवासी इमलीडुग्गू सीतामणी थाना सिटी कोतवाली कोरबा, जिला कोरबा के विरूद्ध थाना सिटी-कोतवाली जिला कोरबा में भी दर्ज हैं जिसमें आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं एवं आरोपी बलराम बंजारा एवं श्याम सिंह फरार हैं जिनकी पतासाजी पुलिस टीम कर रही है। गिरफ्तार आरोपिया को मंजू चौहान को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई-** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और एसडीओपी सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर और उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। फरार आरोपियों को जल्द पकड़ने के लिए पुलिस की टीम प्रयासरत है।

## विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**रायगढ़।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में नालसा तथा सालसा के विशेष अभियान के तहत आज रायगढ़ के विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को महिलाओं के प्रति हो रहे जघन्य अपराधों की रोकथाम पर समाज को जागरूक करने की प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी होने से अवगत कराया गया। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं को कार्यस्थलों पर महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों पर जानकारी प्रादान की गई। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करने वाले वृद्धजनों के संबंध में संचालित अभियान करूणा के अतिरिक्त अन्य अभियान आसरा, हमर अंगना इत्यादि योजनाओं की जानकारी प्रदान कर नि:शुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के संबंध में टोल फ्री नंबर 15100 से भी अवगत कराया गया। शिविर में प्रवीण मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथा अंकिता मुदलियार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ एवं स्कूल की प्रधानाचार्य शिल्पी चौधरी के साथ शिक्षिक-शिक्षिकाएँ एवं पैरालीगल वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

# प्रकृति परीक्षण अभियान : शरीर की प्रकृति जांचकर बता रहे स्वस्थ जीवनशैली और आहार

- आयुर्वेद पद्धति से शरीर के प्रकृति की मापए संतुलन और उपचार के तरीकों की मिल रही जानकारी
- 25 दिसम्बर तक चलेगा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान
- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों का मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा परीक्षण
- स्वस्थ रहने हेतु विभिन्न ऋतुओं में आहार-विहार और दिनचर्या के बारे में लोगों को किया गया जागरुक

**रायगढ़**




भारत सरकार आयुष मंत्रालय तथा संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा बीते 26 नवंबर से 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान संचालित किया जा रहा है। जो आगामी 25 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। इस अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों का मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा प्रकृति का परीक्षण किया जा रहा है।

रायगढ़ के पंजरी प्लांट स्थित आयुर्वेद कार्यालय में लोगों ने प्रकृति परीक्षण अभियान में शामिल होकर आयुर्वेद के फायदे जाने, साथ ही अपने विचार भी व्यक्त किए। इस दौरान उपमा ठाकुर ने बताया कि यहां आने पर पता चला कि व्यक्ति के शरीर में तीन प्रकार की प्रकृति होती है जैसे वात, पित्त, कफ जिसमें वे कौन सी प्रकृति में आते है। उसके अनुसार ही खान-पान के तरीके अपनायें। यहां आयुर्वेद पद्धति के बारे में जानकारी मिली, जिससे व्यक्ति को स्वस्थ रहने हेतु विभिन्न ऋतुओं में आहार-विहार और दिनचर्या के बारे में कैसे रहना है। साथ ही शारीरिक और मानसिक संरचना को समझने एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनकी प्रकृति के आधार पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है, जिससे बीमारियों की रोकथाम हो सके और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले। देश का प्रकृति अभियान का उद्देश्य देश के सभी व्यक्तियों को उनकी अद्वितीय आयुर्वेदिक प्रकृति मन-शरीर की संरचना को समझने में सक्षम बनाना है।

आयुर्वेद विभाग द्वारा लगाया जा रहा कैंप

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक करीब 2100 व्यक्तियों का प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह अत्यंत लाभकारी प्रक्रिया है। जिसका अधिक से अधिक लाभ लोगों को उठाना चाहिए। इससे शरीर के प्रकृति के अनुकूल किस प्रकार जीवन शैली और आहार अपनाना चाहिए इसकी जानकारी मिलती है। साथ ही शरीर के प्रकृति के अनुसार होने वाले रोग, उसके लिए रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी पता चलता है। इससे विभिन्न ऋतुओं में खुद को कैसे स्वस्थ रखा जाए इसके बारे में विस्तार से चिकित्सक जानकारी देते हैं।

**कैसे जानी जाएगी शरीर की प्रकृति**

इस अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों का मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा प्रकृति का परीक्षण किया जाना है। प्रकृति परीक्षण की विधि आधुनिक पी-5 चिकित्सा सिद्धांतों-पूर्वानुमान, निवारक, व्यक्तिगत, सहभागितापूर्ण और सटीक चिकित्सा के साथ मेल खाती है। प्रकृति परीक्षण उपरांत समस्त नागरिकों द्वारा निम्न शपथ लिया जाएगा। इस अभियान के तहत पंजीकृत समस्त आयुर्वेद चिकित्सक प्रकृति परीक्षण एप में वॉलंटियर के तौर पर अपने एंड्रॉयड फोन पर लॉगिन करेंगे तथा आम नागरिक प्रकृति परीक्षण एप में ही सिटीजन के तौर पर लॉगिन करेंगे। आयुष चिकित्सक आपके पास आकर आपका प्रकृति परीक्षण फार्म ऑनलाईन भरेंगे। तत्पश्चात् आपको आपकी प्रकृति संबंधी जानकारी एवं उसका प्रमाण पत्र आपको प्रदाय किया जायेगा साथ ही दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं आहार-बिहार की जानकारी देंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480